
RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 344 | THURSDAY DATE 01-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



द डर्टी पिक्चर ने बदल दी थी विद्या बालन की किस्मत

पेज 07

## संक्षिप्त खबरें

### असम में टोना-टोटका करने के शक में एक दंपती को जिंदा जलाया

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** असम के करबी आंगलोंग जिले से अंधविश्वास और डायन प्रथा से जुड़ी बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कुछ लोगों ने टोना-टोटका करने के शक में एक दंपती को जिंदा जलाया है यह घटना हावराघाट इलाके के नंबर 1 बेलोगुरी मुंडा गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सबसे पहले दंपती पर उनके ही घर के अंदर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसके बाद घर में आग लगा दी गई। आग की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हुई है। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय गार्दी और 33 वर्षीय मीरा बिरोवा के रूप में हुई है। लोगों का आरोप था कि दंपती टोना-टोटका करते थे और उनके कारण गांव और आसपास के इलाके में बुरी घटनाएं हो रही थीं। इसी अंधविश्वास के चलते गांव के कुछ लोगों ने कानून अपने हाथ में लेकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।

### शादीशुदा महिला के साथ इको वैन में गैंगरेप, दो आरोपियों को राउंडअप किया



**फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** हरियाणा के फरीदाबाद में 28 वर्षीय शादीशुदा महिला के साथ इको वैन में गैंगरेप हुआ है। 2 युवक, महिला को करीब 3 घंटे तक शहर की सड़कों पर कार में लेकर घूमते रहे। इस दौरान दोनों आरोपियों ने महिला से गैंगरेप किया। इसके बाद पीड़ित महिला को चलती गाड़ी से फेंक कर भाग गए। इसमें महिला के चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। महिला को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान उसके चेहरे पर 12 टांके आए हैं। पुलिस ने पीड़िता की बहन की शिकायत पर मामला दर्ज कर दो आरोपियों को राउंडअप किया है। पीड़ित महिला शादीशुदा है उसके तीन बच्चे भी हैं। लेकिन विवाद के चलते हैं वहां अपने पति से अलग रह रही है। बहन का कहना है युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने महिला को गाड़ी में बैठाया था। इसके बाद उसके साथ गाड़ी में रेप किया। थाना इंचार्ज ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं, वारदात में प्रयुक्त गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

## प्रेमानंद महाराज ने लोगों से नए साल में बुरे कर्म छोड़ने और अच्छे कर्म अपनाने को कहा

» **मथुरा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**



नए साल के पहले दिन लोगों की धार्मिक आस्था के साथ-साथ नए संकल्पों पर भी ध्यान जाता है। इस मौके पर वृंदावन के प्रसिद्ध धर्मगुरु प्रेमानंद महाराज जी ने नव वर्ष के मौके पर कुछ महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि नया साल केवल जश्न मनाने या पार्टियों का समय नहीं है, बल्कि यह अपने जीवन को सुधारने, बुरे कर्म छोड़ने और अच्छे कर्म अपनाने का मौका है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि शराब पीना, मांस खाना, हिंसा करना और व्यभिचार करने से जीवन में दुख और पाप बढ़ते हैं। कुछ लोग नए साल के उत्साह में इन चीजों का आनंद लेते हैं, लेकिन यह असली खुशी नहीं है। असली प्रसन्नता भगवान की भक्ति और अच्छे कर्मों से मिलती है। उन्होंने नए साल पर अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण नियम बताए। इसमें शराब और मांस का त्याग करना, क्रोध, चोरी और हिंसा से दूर रहना, नाम जप और भगवान की भक्ति करना, परोपकार और दान करना शामिल है। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का पालन करता है, तब उसका जीवन सुख-शांति और खुशहाली से भरा होगा। प्रेमानंद महाराज ने बताया कि केवल व्यक्तिगत सुधार ही नहीं, बल्कि समाज और बच्चों के लिए भी बुराइयों से दूर रहना आवश्यक है।

## पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटने से ममता बनर्जी परेशान : संबित पात्रा

» **भुवनेश्वर, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बुधवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में प्रेसवार्ता कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और उनके नेता बंगाल में मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाए जाने से बहुत परेशान हैं।



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि मंगलवार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में भ्रष्टाचार, घुसपैठ और फेंसिंग के लिए जमीन न देने की सच्चाई सामने रखी।

इससे बौखलाकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गृहमंत्री को खुलेआम धमकी दी। यह सिर्फ अमित शाह को नहीं, बल्कि भारत को धमकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ लगातार हिंसा और मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाने का विरोध साफ दिखाता है कि टीएमसी सच से डरती है। बंगाल बदलाव चाहता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। जब पिछले चुनावों के दौरान हमारे पार्टी अध्यक्ष नड्डा बंगाल गए थे, तो ममता बनर्जी ने घुसपैठियों की मदद से उनके काफिले पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया था। ममता और टीएमसी ने 300 से ज्यादा भाजपा सदस्यों की हत्या की है।

भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 3,000 से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्ता आज भी बंगाल में अपने घर नहीं लौट पा रहे हैं।

# रामलला उत्सव हमारी संस्कृति का प्रतीक : मोदी



रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ, मोदी ने बताया, ये हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

अयोध्या राम मंदिर स्थित रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। भगवान श्री राम की असीम कृपा और आशीर्वाद से असंख्य रामभक्तों का पांच सदियों का संकल्प साकार हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज रामलला अपने भव्य धाम में पुनः विराजित हैं और इस वर्ष अयोध्या की धर्म ध्वजा, रामलला की प्रतिष्ठा द्वादशी की साक्षी बन रही है। ये मेरा सौभाग्य है कि पिछले महीने मुझे इस ध्वजा की पुण्य स्थापना का मौका मिला। इसके साथ ही उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अयोध्या जी की पावन धरा पर आज रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ मनाई जा रही है। ये वर्षगांठ हमारी आस्था और संस्कारों का एक दिव्य उत्सव है। इस पावन-पुनीत अवसर पर देश-विदेश के सभी रामभक्तों की ओर से प्रभु श्री राम के चरणों में मेरा कोटि-कोटि नमन और वंदन। समस्त देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, भगवान श्री राम की असीम कृपा और आशीर्वाद से असंख्य रामभक्तों का पांच सदियों का संकल्प साकार हुआ है। आज रामलला अपने भव्य धाम में पुनः विराजित हैं और इस वर्ष अयोध्या की धर्म ध्वजा, रामलला की प्रतिष्ठा द्वादशी की साक्षी बन रही है। ये मेरा सौभाग्य है कि पिछले महीने मुझे इस ध्वजा की पुण्य स्थापना का सुअवसर मिला।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, मेरी कामना है कि मयार्दा पुरुषोत्तम की प्रेरणा हर देशवासी के हृदय में सेवा, समर्पण और करुणा की भावना को और प्रगाढ़ करे, जो समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का सशक्त आधार भी बने। जय सियाराम। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जय श्री राम। आज ही की शुभ तिथि पर दो वर्ष पूर्व 500 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त हुई और मोदी जी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की।



## बिहार में पिताजी के सपने को एनडीए सरकार आगे बढ़ा रही है: नितिन नबीन

» **पटना, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को अपने पिता और पूर्व भाजपा नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उन्हें संतोष है कि उनके पिता ने बिहार के लिए जो विकास का सपना देखा था, उसे एनडीए सरकार आगे बढ़ा रही है। मीडिया से बातचीत में नितिन नबीन ने कहा कि आज उनके पिताजी की 20वीं पुण्यतिथि है और इस दिन वे उन्हें नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में उनके पिता ने तपस्या और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत किया और अपने व्यवहार के माध्यम से कार्यकताओं के साथ पारिवारिक संबंध बनाए। समाज के उत्थान और विकास के लिए उनके नेतृत्व में किए गए कार्य हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने पिताजी के उन्हीं मूल्यों और गुणों को आत्मसात करने का प्रयास कर रहा हूं और इसी भावना के साथ आज के दिन उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

## संजय राउत ने उद्धव सेना को सोनिया सेना बना दिया : शहजाद पूनावाला

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने देश की अर्थव्यवस्था, पश्चिम बंगाल की राजनीति और राम मंदिर स्थित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के साथ कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। शहजाद पूनावाला ने आईएएनएस से कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत की अर्थव्यवस्था



अब जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। भारत 11वें स्थान से सीधे चौथे स्थान पर पहुंचा है और अब देश की अर्थव्यवस्था 4.18 ट्रिलियन डॉलर की हो गई है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा रफ्तार को देखते हुए अगले ढाई से तीन वर्षों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत इस समय 8.2 प्रतिशत की तेज विकास दर से आगे बढ़ रहा है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और सांसद संजय राउत पर हमला बोलते हुए शहजाद पूनावाला ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे की आत्मा आज जरूर दुखी होती होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय राउत ने उद्धव सेना को सोनिया सेना बना दिया। उन्होंने कहा कि जो पार्टी कभी हिंदुत्व की शेरनी मानी जाती थी, आज वह सेक्युलरिज्म का शिकार बन गई है। बालासाहेब ठाकरे के भाषणों से यह समझ में आता है कि उन्होंने कैसे 17 मिनट में विवादित ढांचा गिरवाया और राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, जबकि आज उद्धव ठाकरे जय श्री राम के विरोध में खड़े नजर आते हैं।

## श्रीराम देशवासियों के लिए आदर्श, भारत विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर : प्रवीण खंडेलवाल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर कहा कि श्री राम देशवासियों के लिए आदर्श हैं। पीएम मोदी की सरकार श्री राम के आदर्श पर चलकर भारत को विश्वगुरु बनाने की ओर अग्रसर है। आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर हम सभी के लिए आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। जिस तरह से अयोध्या में मंदिर का अब पूरी तरह से विकास हुआ है.

# नववर्ष के जश्न में नहीं आएगी कोई बाधा, फायर विभाग पूरी तरह अलर्ट

- फायर विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि 31 दिसंबर 2025 की शाम 6 बजे से ही फायर टेंडर और फायर बाइक को अलग-अलग संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात कर दिया जाएगा।

» **नोएडा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**



नए साल के स्वागत को लेकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पुलिस के साथ-साथ फायर विभाग ने भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मोर्चा संभाल लिया है।

31 दिसंबर और 1 जनवरी को होने वाले नववर्ष समारोह के दौरान आगजनी या अन्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से फायर विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। फायर विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि 31 दिसंबर 2025 की शाम 6 बजे से ही फायर टेंडर और फायर बाइक को अलग-अलग संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात कर दिया जाएगा। ये सभी वाहन कार्यक्रम की समाप्ति तक मौके पर मौजूद रहेंगे।

इसके साथ ही 1 जनवरी 2026 को भी पूरे जिले में लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी तरह की आपात स्थिति पर तुरंत काबू पाया जा सके। नए साल के जश्न के दौरान मॉल, मार्केट, सार्वजनिक स्थल और पार्टी स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए फायर विभाग ने विशेष रणनीति तैयार की है। नोएडा के प्रमुख मॉल जैसे जीआईपी मॉल, डीएलएफ एड्वेंट बिजनेस पार्क और स्पेक्ट्रम मॉल के साथ-साथ अन्य प्रमुख स्थानों पर भी फायर कर्मियों की तैनाती की जा रही है।

इसके अलावा ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इलाकों में भी फायर विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। फायर विभाग द्वारा जिन स्थानों पर फायर टेंडर और फायर बाइक की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें पुलिस चौकी सेक्टर-12-22 नोएडा, पुलिस चौकी सेक्टर-18 नोएडा, थाना सेक्टर-39 नोएडा, एड्वेंट बिजनेस पार्क, पुलिस चौकी जगत फार्म मार्केट गामा-1 ग्रेटर नोएडा, पुलिस चौकी गौर सिटी ग्रेटर नोएडा वेस्ट, स्पेक्ट्रम मॉल, थाना जेवर, थाना दादरी और जीआईपी मॉल शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर 31 दिसंबर की शाम 6 बजे से फायर वाहन और कर्मी तैनात रहेंगे। फायर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नववर्ष के मौके पर आतिशबाजी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और भारी भीड़ के कारण आग लगने की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में विभाग की कोशिश है कि किसी भी छोटी-सी घटना को भी तुरंत नियंत्रित किया जाए। इसके लिए त्वरित रिस्पॉन्स टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, खुले स्थानों पर ही आतिशबाजी करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर विभाग या पुलिस को सूचना दें।

## संक्षिप्त खबरें



### चुनाव नजदीक आने पर मंदिरों की दिखावा कर रहीं ममता बनर्जीः विनोद बंसल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक आने पर ममता बनर्जी को मंदिर याद आ रहा है। वे सिर्फ मंदिरों का दिखावा कर रही हैं। विनोद बंसल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, ममता बनर्जी की असली हमदर्दी किसके साथ है, यह किसी से छिपा नहीं है। 6 दिसंबर को वे बाबरी मस्जिद के लिए आंसू बहा रही थीं, लेकिन 7 दिसंबर को उन्होंने कोलकाता में गीता पाठ में शामिल होने से मना कर दिया, जिसमें करीब पांच लाख हिंदू शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि रामनवमी, हनुमान जयंती या दुर्गा पूजा, हर त्योहार के लिए बंगाल में हिंदू समाज को हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ती है।

### गठबंधन अभी जिंदा है, राजद को लेकर कांग्रेस सांसद तारिक अनवर का दावा



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के सुर एक-दूसरे से मेल नहीं खा रहे हैं। कांग्रेस नेता शकील अहमद ने जहां राजद को कांग्रेस के लिए बोझ बताते हुए आगे बढ़ने की नसीहत दी। वहीं, कांग्रेस सांसद तारिक अनवर उनके बयान से सहमत नहीं हैं। तारिक अनवर का मानना है कि गठबंधन राजद के साथ ही बना रहेगा। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में जब कांग्रेस सांसद तारिक अनवर से शकील अहमद के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि हमारा राजद के साथ रिश्ता और गठबंधन है, क्योंकि यह इंडिया ब्लॉक गठबंधन का हिस्सा है।

## निजी स्कूलों में दस्तावेज सत्यापन का शेड्यूल जारी, सरदार पटेल स्कूल ने 706 बच्चों को किया शॉर्टलिस्ट



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** राजधानी के निजी स्कूलों में नर्सरी में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब फॉर्मों का विश्लेषण शुरू हो गया है। किस श्रेणी में कितने आवेदन प्राप्त हुए, यह देखा जा रहा है। इस विश्लेषण के आधार पर स्कूलों ने बच्चों को शॉर्टलिस्ट करना शुरू किया है। साथ ही अभिभावकों को दस्तावेज के सत्यापन के लिए बुलाना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ स्कूल इस सप्ताह के अंत तक सत्यापन के लिए शेड्यूल जारी कर देंगे। 27 दिसंबर को समाप्त हुई थी।

**आवेदन प्रक्रियाः** दिल्ली के निजी स्कूलों में नर्सरी दाखिले के लिए चार दिसंबर को शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर को समाप्त हो गई। इसके साथ ही अब स्कूल प्राप्त फॉर्म का विश्लेषण कर रहे हैं। उसके आधार पर ही अभिभावकों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाएंगे। सरदार पटेल स्कूल ने प्राप्त आवेदनों के आधार पर 706 बच्चों को शॉर्टलिस्ट कर उनकी सूची जारी कर दी है। वहीं स्कूल ने मंगलवार से ही दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया। यह सत्यापन की प्रक्रिया 2 जनवरी तक चलेगा। इस दारान अभिभावकों को अपने व बच्चे के मूल दस्तावेजों व उनकी कॉपी के साथ स्कूल पहुंचना है। अब धीरे-धीरे अन्य स्कूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए अभिभावकों को बुलाना शुरू करेंगे। स्कूलों को आवेदन करने वाले बच्चों की जानकारी 9 जनवरी तक अपलोड करनी है। उससे पहले स्कूल सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करेंगे। उसके बाद आवेदन करने वाले बच्चों की सूची मानकों में मिले अंकों के साथ 16 जनवरी को जारी करनी है।

## शास्त्री पार्क इलाके में युवक को चाकू से वार कर उतारा मौत के घाट, जांच में जुटी पुलिस

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में एक युवक को चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। अस्पताल से युवक की मौत की खबर पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, 30 और 31 दिसंबर की दरमियानी रात को पीएस शास्त्री पार्क जेपीसी अस्पताल से एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली जिसे चाकू लगा था और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल पहुंचने पर मृतक की पहचान वसीम पुत्र हशमत निवासी बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली, उम्र 33 साल के रूप में हुई।



पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक को डीडीए पार्क के पीछे चाकू मारा गया था। पीएस शास्त्री पार्क में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए हैं। अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें तैनात की गई हैं। आगे की जांच जारी है।

## अरावली टूटी तो बिगड़ेगा दिल्ली का मौसम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**



राजधानी और उसके आसपास बसे करोड़ों लोगों के जीवन में अरावली पर्वत शृंखला की भूमिका केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि जीवनरक्षक है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि अरावली में माइनिंग का विस्तार हुआ तो इसका सीधा और गहरा असर दिल्ली की जलवायु पर पड़ेगा। गर्मियों में लू के थपेड़े और अधिक तीव्र और लंबे समय तक पड़ेंगे। सर्दियों में तापमान असामान्य रूप से गिर सकता है। वैज्ञानिक अध्ययनों और पर्यावरणीय रिपोर्टों के अनुसार, अरावली का क्षरण न केवल दिल्ली की भौगोलिक संरचना को प्रभावित करेगा, बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती को और अधिक भयावह बना देगा। जलपुरुष राजेंद्र सिंह ने बताया कि अरावली पर्वत शृंखला उत्तर भारत में फैली हुई है और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक बफर यानी दीवार की तरह काम करती है। यह पहाड़ियां मानसून की बारिश को प्रभावित करती हैं, नमी को बनाए रखती हैं और गर्म हवाओं को रोकती हैं। उन्होंने बताया कि अरावली की तबाही से दिल्ली में हीटवेव्स बढ़ जाएंगी। ये पहाड़ियां दिल्ली को थार रेगिस्तान की गर्म हवाओं से बचाती हैं। अगर खनन से पेड़-पौधे और मिट्टी नष्ट हो गई, तो गर्म हवाएं सीधे दिल्ली पहुंचेंगी। इससे तापमान ज्यादा बढ़ेगा, रातें भी गर्म रहेंगी और लोगों को डिहाइड्रेशन, नींद की कमी जैसी समस्याएं होंगी।

### रेगिस्तान की हवाएं बढ़ाएगी ठंड

मोंगाबे इंडिया की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अरावली का स्थान मौसम को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण है। यह मानसून बादलों को हिमालय की तरफ धकेलती है, जिससे उत्तर भारत में जरूरी बारिश होती है। लेकिन खनन से ये पहाड़ियां कमजोर हो रही हैं.

# द्वारका में घरेलू नौकरानी ने की चोरी, 3.80 लाख रुपए और गहनों के साथ गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के द्वारका में एंटी-बर्गलरी सेल ने एक महिला नौकरानी को गिरफ्तार किया है, पुलिस को उसके घर से चोरी के रुपए और गहने भी बरामद हुए हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता प्रीति ने अपने घर से गहनों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गई थी और 7 से 13 दिसंबर के बीच उनके घर से सोने और चांदी के गहने चोरी हो गए थे।

पुलिस ने जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी महिला की पहचान की।

फुटेज में एक नकाबपोश महिला को शिकायतकर्ता के घर में घुसते हुए और 15 मिनट में बाहर निकलते हुए देखा गया। महिला की पहचान घर की नौकरानी किरण के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने किरण की गतिविधियों पर नजर रखना शुरू किया और उसकी पहचान करने में सफल रही।

पुलिस ने आरोपी को जानकीपुरी में उसके किराए के फ्लैट से गिरफ्तार किया, जहां वह अपनी चोरी की रकम का इस्तेमाल करके फ्लैट खरीदने की योजना बना रही थी।




आरोपी के पास से पुलिस ने सोने का लॉकेट, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के झुमके, चांदी की पायल और दो जोड़ी चांदी की बिछिया बरामद की।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की रकम को अपने एसबीआई अकाउंट में जमा किया था, जो कि लगभग 3.80 लाख रुपए थे। उसने यह पैसा अपने और अपने बच्चे के लिए एक छोटा फ्लैट खरीदने के लिए इकट्ठा किया था।

आरोपी की पहचान किरण (27) के रूप में हुई, जो कि अंकित नामक व्यक्ति की पत्नी है। इंस्पेक्टर विवेक मैंडोला के नेतृत्व में पुलिस ने इस मामले को सुलझाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि अगर कोई घर में नौकरानी रख रहा है तो वह पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करा ले।

# राजस्व वृद्धि और खर्च नियंत्रण के क्षेत्र में संतुलित और दूरदर्शी नीति के कारण निगम आयुक्त बने चर्चा का केंद्र

## निगम आयुक्त की कार्यशैली ने एक बार फिर से शहर को किया जीवांत

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर। शहर को वित्तीय संकट के दंश से उभारने में अहम भूमिका निभाने वाले चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार एक बार फिर से अधिकारियों एवं आमजन के बीच चर्चा का केंद्र बने हुए हैं । निगम आयुक्त अमित कुमार की कार्यशैली की छाप इस बार सदन में भी देखने को मिली। उन्होंने अपने कार्य कौशल से जहां निगम की वित्तीय स्थिति को काफी मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई वहीं आम जन को भी ध्यान में रखते हुए उनके अनुकूल टैक्स एवं बकाया राशि जमा करवाने में राहत प्रदान की। उनके इस साहसी कदम से सुशासन की एक अद्भुत मिशाल देखने को मिली। उन्होंने नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) वर्ष 2024-25 और आगामी बजट 2026-27 को लेकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राजस्व बढ़ोतरी और खर्च में कटौती के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की । गौरतलब है कि निगम ने, न केवल राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है, बल्कि वित्तीय मजबूती की दिशा में भी ठोस कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर पहचान नगर निगम चंडीगढ़ को वर्ष 2024-25 के लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सुपर स्वच्छ लीग में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, ग्रीन रैंकिंग 2025 में चंडीगढ़ ने 89.09 अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया ।

यह निगम आयुक्त की दूरदर्शी विकास के प्रयासों को दशार्ता है। शहर एवं आमजन के लिए इतना कुछ करने के बावजूद चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त अमित कुमार इसका श्रेय खुद नहीं लेते , बल्कि इसका श्रेय उन्होंने प्रत्येक अधिकारी एवं प्रत्येक निगम कर्मी को दिया, जिन्होंने उनके प्रत्येक आदेश को मानकर शहर के विकास को उच्च स्तर पर ले जाने के सपने को सफल करने में अपना भरपूर योगदान दिया। दूसरे शब्दों में कहे तो यह नगर निगम आयुक्त अमित कुमार की सहजता एवं पूर्ण कार्य कौशल योग्यता का परिणाम है जो चंडीगढ़ शहर का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने नगर निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए संपत्ति कर ढांचे को संशोधन किया ।वाणिज्यिक कर को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत किया है। इसके अलावा

आवासीय संपत्ति कर की दरों में भी संशोधन (लगभग दोगुनी) किया ।इन छोटे छोटे बदलावों से अनुमानतः वाणिज्यिक कर से 10 करोड़ रुपये और आवासीय कर से 15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होने की संभावना हुई। निगम आयुक्त ने कहा कि नगर निगम के अनुसार, तीन बार नीलामी के बाद भी जो संपत्तियां खाली रहेंगी, उन्हें 25 प्रतिशत कम दरों पर किराए पर दिया जाएगा। इससे निगम की निष्क्रिय संपत्तियों से भी आय सुनिश्चित होगी। नगर निगम ने राजस्व बढ़ाने के साथ-साथ खर्च को नियंत्रित करने पर भी जोर दिया है। लंबित जल बिल, वाणिज्यिक एवं आवासीय संपत्ति कर की वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। इनके साथ साथ

स्ट्रीट और पब्लिक लाइटिंग का रखरखाव विभागीय स्तर पर करके बिजली खर्च में भी बचत की गई । नगर निगम ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप परियोजनाओं के माध्यम से राजस्व सृजन को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे न केवल आय बढ़ेगी बल्कि शहरी सुविधाओं में भी सुधार होगा।

आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राजस्व वृद्धि और खर्च नियंत्रण के क्षेत्र में संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनाई है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धियां और प्रस्तावित बजट सुधार आने वाले वर्षों में चंडीगढ़ को एक आदर्श और आत्मनिर्भर शहरी निकाय के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम साबित हो सकते हैं।

# जनहित में बदले हर चाल , हों बेहतर मेरे से हाल , करे प्रार्थना बीता साल



मैं 2025 अब आपके जीवन से हमेशा के लिए चला गया हूं , लेकिन मुझे इस बात का बहुत दुख हमेशा रहेगा कि उन्होंने मेरे आगमन की खुशी में जो वादा किया था, वे उससे पूरी तरह से मुकर गए। मुझ बीते 2025 की नजर में जिसकी एक मात्र वजह उनका स्वार्थ ही है, जिसके आधार पर मैं कह सकता हूं उनकी वजह से ही सामाजिक जीवन में लगातार हिंसा, अन्याय, असभ्यता, घृणा और झूठ पहले की तरह ही बरकरार है। सत्य अक्सर आज भी दम तोड़ता ही दिख रहा है। लेकिन बहुत खुशी इस बात की भी है कि मेरे कालखंड को सनातन की मजबूती और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की पूर्णता के साथ ही उसके ध्वजारोहण और दूसरी वर्षगांठ का भी गवाह बनने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऊपर वाले से एक प्रार्थना यह भी करता हूं कि देश का मध्यम वर्ग आने वाले समय में और ज्यादा खुशहाल हो लेकिन सत्य भी है कि मेरे यानी बीते 2025 के कालखंड में देश का मध्यम वर्ग जिस तरह से नफरत और झूठ के पीछे खड़ा रहा , वह वाकई बेहद निराशाजनक है। सत्य काफी हद तक सिमट गया है और इस पर यकीन करने और इस पर चलने वाले लोग भी अब ना के बराबर रह गये हैं। मैं आपका बीता साल 2025 आपसे यह भी कहने से नहीं चूकना चाहता कि मीडिया और धार्मिक नेतृत्व दोनों ही एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था और उसके बचाव में मुखर रहे जिस देश और समाजके हित में नहीं माना जा सकता। मैंने यानी आपके बीते हुए इस साल 2025 ने अपने पूरे कालखंड में यह भी देखा कि संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोगों में कुछ को छोड़कर न केवल नैतिकता खोते नजर आए ,बल्कि उनमें निष्पक्षता की भावना भी खतरनाक हालातों तक कमजोर होती भी दिखी। मैं 2025 आपको यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे पूरे समय में न्यायालय के फैसलों पर भी कई सवाल उभरे, खास तौर से निचली अदालतों के फैसले काफी सवालों के घेरे में रहे ,लेकिन इसके विपरीत मुझ 2025 को खुशी इस बात की भी है कि मैंने अपने इस कालखंड में लोकतांत्रिक भावना और व्यवहार की मजबूती के लिए आवश्यक एक सक्रिय व्यवस्था का उदय होते हुए भी देखा। इसके फलस्वरूप शायद संविधान को और कमजोर होने से फिलहाल तो बचा लिया गया है, लेकिन आजादी, समानता, न्याय और बंधुत्व के बुनियादी मूल्य फिलहाल गहरे खतरे से बाहर अब भी नहीं माने जा सकते, क्योंकि बीते हुए मुझ 2025 को ऐसा लगता है कि धर्म अपनी बहुलता आधारित आध्यात्मिकता और सूक्ष्म दृष्टि से निरंतर दूर होता ही जा रहा है। मेरी नजर में आस्था की जगह कर्मकांड ने ले ली है ,जिसे एक चका चौंध तमाशा के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। जैसा कि मैं 2025 ने अपने पूरे समय में यह भी स्पष्ट रूप से अनुभव किया कि शिक्षा जगत की स्वायत्तता भी बहुत निराशा जनक तरीके से कम होती जा रही है, जिसकी वजह से ही ज्ञान को हाशिये पर धकेलने वाले भी अपने लाभदायक इरादे में सफल हैं। मतलब अज्ञानता को सामाजिक रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है। हो सकता है कि बहुत से लोग सहमत ना हो फिर भी मैं 2025 डंके चोंट पर यह भी दावा करता हूं कि देश की लगभग 50 फीसद संपत्ति 5 फीसद आबादी के पास है। यही नहीं वेतनभोगी वर्ग के 50 फीसद लोगों को अपनी आय में कमी की पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है जिससे निराशा का भाव भी आत्मघाती हालात तक खतरनाक हो चुका है। मैं आपका बीता हुआ 2025 हालातों के विपरीत यह भी भरोसा दिलाना चाहता हूं कि एक समय आएगा जब पापों के बोझ से नफरत और झूठ की इमारत भरभराकर अवश्य ही गिर जाएगी। बेशक यह भी सच हाशिये पर दम तोड़ता दिख रहा हो लेकिन आखिर में जीत सत्य पूर्ण आचरण की ही होगी। इसीलिए प्रार्थना करता हूं कि आपके नए साथी 2026 का कालखंड कुछ ऐसा हो, जिससे देश और समाज के हित के मामले में किसी भी दृष्टिकोण से किसी को भी हताशा, निराशा और दुख का शिकार ना होना पड़े। और इसके लिए भी ईश्वर, अल्लाह तथा गॉड से प्रार्थना और इबादत करता हूं कि मैं 2025 तो आपके जीवन से हमेशा के लिए चला गया हूं लेकिन हमारा और आपका आ चुका नया साथी 2026 देश और समाज के हित में आपके हर इरादे को अवश्य ही सफल बनाए। मतलब नहीं किसी का भय हो। नव वर्ष मंगलमय हो।

**सुनील बाजपेई**
**(कवि, गीतकार, लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार)**

# जिला वासियों के लिए मंगलमय और प्रगतिशील हो नया साल: उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल



उपायुक्त ने जिले वासियों को प्रेषित की नववर्ष की शुभकामनाएं

» हरियाणा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने सभी जिला वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उपायुक्त ने अपने शुभकामना सन्देश में कहा कि नववर्ष सभी के लिए नई सोच व नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। उन्होंने आशा जताई कि प्रथम जनवरी, 2026 से समस्त दादरी वासी समाज हित के संकल्प के साथ जीवन पथ पर निरंतर आगे बढ़ेंगे। डॉ मुनीश नागपाल ने अपने संदेश में कहा कि कन्या भ्रूण हत्या, शिक्षा, पर्यावरण तथा सामाजिक सौहार्द आदि ऐसे विषय हैं जिन पर हमें संवेदी होकर आगे बढ़ना होगा। ऐसे में वर्ष 2025 में मिले अनुभवों की कसौटी पर खड़े होकर अपने जीवन के औचित्य पर मंथन करे तो निश्चित ही हम एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि नववर्ष की शुभकामना के साथ यह उम्मीद करे कि नए साल में हम सब मिलकर एक सार्थक पहल करेंगे ताकि आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के मामले में हम दादरी को अग्रणी जिला बनाए।

## विधायक विनोद भयाना ने ढाणा कला गांव में 40 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

» हरियाणा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।

विधायक विनोद भयाना ने ढाणा कला गांव में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

इन परियोजनाओं में शहीद राव तुलाराम खेल स्टेडियम का मुख्य द्वार निर्माण भी प्रमुख रूप से शामिल है, जिससे क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक विनोद भयाना का भव्य स्वागत किया।

हांसी को जिला बनवाने के लिए किए गए उनके सफल प्रयासों से प्रसन्न ग्रामीणों ने विधायक को लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया और उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि हांसी को जिला बनाने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को प्रशासनिक सुविधाएं और अधिक सुलभ होंगी।

# ऑपरेशन सिंदूर ने भी सिद्ध किया कि आधुनिक भारत श्रीराम की उस मयार्दा का सच्चा उत्तराधिकारी: राजनाथ



**अयोध्या, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि श्रीराम की मयार्दा हमें सिखाती है कि युद्ध में भी मूल्य जीवित रहने चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर ने भी सिद्ध किया कि आधुनिक भारत राम की उस मयार्दा का सच्चा उत्तराधिकारी है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने भी भगवान श्रीराम के इसी मयार्दा का पालन किया। जैसे राम का लक्ष्य रावण का संहार नहीं, बल्कि अधर्म का अंत था, हमारा भी वही लक्ष्य था कि हम आतंकियों और उनके आकाओं को सबक सिखा कर आएं और हमने बस वही किया। हमने अंधाधुंध प्रतिक्रिया नहीं दी, बल्कि सीमित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की। उन्होंने अयोध्या में कहा कि भगवान श्रीराम विनम्र, शीलवान और कृपालु हैं, लेकिन जब अधर्म सिर उठाता है, तब वही राम दुष्ट-दलन की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आजानु भुज शर चाप धर संग्राम जित खर-दूषणं का उद्धरण देते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मयार्दा के साथ शक्ति का प्रयोग ही धर्म है।

# कुछ लोगों ने मजहबी जुनून और तुष्टिकरण के लिए अयोध्या को उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बनाया : योगी

» अयोध्या, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।

श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सीएम योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था। सीएम योगी ने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की



कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता? 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, वैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती। स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवंबर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले रक्षा मंत्री प्रतिष्ठा द्वादशी पर मां अन्नपूर्णा के मंदिर पर सनातन धर्म की ध्वजा का आरोहण कर रहे थे तो मैंने उन्हें भावुक होते देखा है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# हत्या में फरार 25 हजार के इनामी मन्नू समेत दो गिरफ्तार

» **लोनी, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

अल्वी नगर कॉलोनी में शिवम उर्फ लालू की गोली मारकर हत्या करने वाले 25 हजार के इनामी बदमाश मन्नू और उसके साथी 25 हजार के इनामी बदमाश शान को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात लोनी नगर पालिका परिषद मार्ग पर पुलिस के साथ दोनों बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। कब्जे से पिस्टल, तमंचा, बुलेट, कारतूस और खोखे बरामद हुए हैं।



एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि 11 दिसंबर की रात अल्वी नगर कॉलोनी स्थित गोदाम पर बैठकर हुक्का पी रहे शिवम उर्फ लालू की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के दौरान शिवम का भाई समेत उसके दो साथी और मौके पर थे। मामले में परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में बदमाश मन्नू और उसके तीन साथियों पर गोली मारकर हत्या करना सामने आया था। इस मामले में पुलिस दो बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में मन्नू और उसका साथी शान फरार चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तारी के प्रयास किए, लेकिन मन्नू हाथ नहीं आ रहा था। गिरफ्तारी नहीं होने पर गाजियाबाद पुलिस ने मन्नू और शान पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस की टीम मन्नू और शान की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों बदमाश बुलेट पर सवार होकर रामलीला मैदान की तरफ आ रहे हैं। तभी पुलिस ने रास्ते पर चेकिंग लगा दी। रामलीला मैदान के सामने बुलेट पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बुलेट सवारों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही पुलिस कर्मियों को गोली नहीं लगी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दी। इस दौरान बुलेट गिर गई। पुलिस ने दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। गोली लगने से घायल मन्नू और शान को पुलिस ने गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## बड़ा है आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार बदमाश मन्नू उर्फ सुहैल पुत्र इरशाद बंगाली पीर डाबर तालाब थाना अंकुर विहार में रहता है। शान पुत्र नईम प्रेम नगर लोनी थाना लोनी में रहता है। मन्नू हिस्ट्रीशीटर है। मन्नू उर्फ सुहैल पर लूट, हत्या,हत्या का प्रयास, बलवा आदि के करीब डेढ़ दर्जन तथा घायल अभियुक्त शान पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी समेत 7 अभियोग पंजीकृत है। पुलिस मन्नू और शान के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है।

## हत्या के बाद बार-बार ठिकाने बदल रहा था

एसीपी ने बताया कि बदमाश मन्नू और शान अपने घर नहीं आ रहे थे। पुलिस से डरकर दोनों बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहे थे। मन्नू और शान दिल्ली, हरियाणा और यूपी के अलग-अलग इलाकों में रह रहे थे। दोनों ने अपने फोन भी बंद कर रखे थे।

# दिल्ली क्राइम ब्रांच ने ड्रग सिंडिकेट के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार, 10 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में चल रहे एक ड्रग सिंडिकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों के पास से 2.034 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी, अंशुल राणा और गंगा प्रसाद, को अलग-अलग ऑपरेशनों में गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के पास से 2.034 किलो हेरोइन बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 10 करोड़ रुपए से अधिक है।

इसके साथ ही आरोपी के पास से एक स्कूटी भी जब्त की गई, जिसका इस्तेमाल नशीले पदार्थों की सप्लाई के लिए किया जा रहा था। यह कार्रवाई क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-क्क/द्वारका, सेक्टर-09 यूनिट ने की है। पुलिस ने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अंशुल राणा नाम का एक ड्रग सप्लायर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में हेरोइन सप्लाई कर रहा है। इसके आधार पर एक टीम गठित की गई, जिसमें हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने सूचना के बाद 31 दिसंबर को क्वींस वैली स्कूल, द्वारका के पास छापा मारा और अंशुल राणा को गिरफ्तार किया। आरोपी के बैग से हेरोइन बरामद हुई।

जांच में सामने आया कि अंशुल राणा ने यह हेरोइन गंगा प्रसाद से खरीदी थी। गंगा प्रसाद, जो पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, उत्तर प्रदेश के बरेली से हेरोइन की सप्लाई करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गंगा प्रसाद को भी लक्ष्मी नगर, दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी अंशुल राणा ने पूछताछ में बताया कि वह एक संगठित ड्रग सिंडिकेट का हिस्सा था, जो दिल्ली-एनसीआर में हेरोइन की खरीद-बिक्री करता था।

# सेना ने गोला-बारूद की आपूर्ति में हासिल की 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

भारतीय सेना अपनी युद्ध क्षमता बढ़ा रही है। खास तौर पर लंबी अवधि तक चलने वाले युद्धों की सशक्त तैयारी की जा रही है। इसका एक मजबूत आधार गोला-बारूद की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। सेना के मुताबिक गोला-बारूद की आपूर्ति में 90 प्रतिशत से अधिक आत्मनिर्भरता हासिल कर ली गई है।

तेजी से बदलते सुरक्षा वातावरण, अनिश्चितताओं और दीर्घकालिक संकटों के दौर में किसी भी देश की सैन्य क्षमता केवल आधुनिक हथियारों पर नहीं, बल्कि लगातार संचालन जारी रखने की क्षमता पर निर्भर करती है। गोला-बारूद, स्पेयर पार्ट्स और लॉजिस्टिक्स इसी निरंतरता की रीढ़ होते हैं। इसी महत्व को समझते हुए, भारतीय सेना ने गोला-बारूद उत्पादन में आत्मनिर्भरता को अपनी तैयारी की केंद्रीय रणनीति बनाया है। लंबे समय तक भारतीय सेना का गोला-बारूद पारंपरिक उत्पादन प्रणालियों और विदेशी आयात पर निर्भर रहा। इससे वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं में व्यवधान आने पर जोखिम बढ़ जाता था।

## फटाफट खबरें

### डीसीपी ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए चलाया सर्च अभियान

**लोनी, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** डीसीपी ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया गया। टीम ने मंगलवार को ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के अगरौला व लोनी थाना क्षेत्र के नुसरताबाद खड़खड़ी गांव में एनाउंसमेंट किया। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी टीम के साथ अगरौला गांव पहुंचे। उन्होंने पुलिस बल के साथ गांव में बदमाशों व अपराधियों की धर-पकड़ के लिए सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने गांव में एनाउंसमेंट कर युवकों से जेल में बंद बदमाश दीपक व उसके गिरोह के सदस्यों को अपना आदर्श न मानने की बात कहीं। पुलिस ने गांव के युवकों से मोबाइल पर लगे बदमाश दीपक के स्टेटस को हटाने की बात कही। कहा कि संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद डीसीपी ग्रामीण लोनी थाना क्षेत्र के नुसरताबाद खड़खड़ी गांव पहुंचे। दोनों गांवों में करीब 14 हिस्ट्रीशीटर बदमाश निवास करते हैं।

### हर हिंदू के दिल में भगवान राम बसते हैं: वीरेंद्र सिंह



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद वीरेंद्र सिंह ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव के राम मंदिर दर्शन न करने पर विपक्ष के आरोपों पर बचाव करते हुए कहा कि हर हिंदू के दिलों में भगवान राम बसते हैं। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में सपा सांसद ने कहा कि हर घर में जो हिंदू धर्मावलंबी हैं, उनके घर में भगवान राम की प्रतिमा होगी। यह एक आस्था का सवाल है। हर हिंदू राम के प्रति आस्था रखता है। आस्था दिखावा नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या केवल अयोध्या में ही राम विराजते हैं या हर उस आस्थावान जगह पर विराजमान होते हैं..

# दिल्ली में नकली ब्रांडेड सामान बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, क्राइम ब्रांच ने चार आरोपी पकड़े

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

दिल्ली में रोजमर्रा के काम आने वाले सामान को लेकर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया है, जो घरों में इस्तेमाल होने वाले नामी और भरोसेमंद ब्रांड्स के नकली सामान तैयार कर बाजार में बेच रहा था। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी घी, ईनो, वीट, टाटा साल्ट जैसे बड़े और मशहूर ब्रांड्स के नकली प्रोडक्ट बना रहे थे। ये वही सामान हैं जिन पर लोग आंख बंद करके भरोसा करते हैं और रोजाना इस्तेमाल करते हैं। आरोपी पहले इन सामानों की मैन्युफैक्चरिंग खुद करते थे। इसके बाद असली ब्रांड जैसी दिखने वाली पैकिंग में इन्हें भरकर बाजार में सप्लाई कर देते थे, ताकि किसी को शक न हो।



क्राइम ब्रांच को लंबे समय से इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि बाजार में कुछ सामान असली नहीं लग रहे हैं, लेकिन पैकिंग बिल्कुल ब्रांडेड जैसी है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की और आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकली सामान, पैकिंग मटेरियल, मशीनें और लेबल बरामद किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह सिर्फ धोखाधड़ी का मामला नहीं है, बल्कि लोगों की सेहत से सीधा खिलवाड़ है। खासतौर पर घी और खाने-पीने से जुड़े प्रोडक्ट अगर नकली या घटिया क्वालिटी के हों, तो इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। वहीं, वीट जैसे पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

यह कोई पहली बार नहीं है जब क्राइम ब्रांच ने ऐसा मामला पकड़ा हो। कुछ समय पहले भी दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जो एक्सपायर्ड हो चुकी खाद्य सामग्रियों को दोबारा पैक करके बाजार में बेच रहा था।

उस समय भी बड़ी संख्या में नकली और खराब सामान बरामद किया गया था। फिलहाल पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नकली सामान किन-किन इलाकों में सप्लाई किया गया और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# कर्तव्य पथ पर सेना के मूक योद्धा, परेड में दिखेंगे भारतीय नस्ल के कुत्ते

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**



गणतंत्र दिवस 2026 पर इस बार कर्तव्य पथ पर एक खास और भावनात्मक दृश्य देखने को मिलेगा। भारतीय सेना के पशु दस्ते पहली बार इतने बड़े और संगठित रूप में परेड में शामिल होंगे। ये पशु न केवल सेना की ताकत दिखाएंगे, बल्कि यह भी बताएंगे कि देश की रक्षा में उनके योगदान को कितनी अहम जगह दी जाती है।

इस विशेष दस्ते में चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) देखने को मिलेंगे। वहीं भारतीय नस्ल के 10 सेना के कुत्ते और सेना में पहले से काम कर रहे 6 पारंपरिक सैन्य कुत्ते शामिल होंगे। वहीं दो बैक्ट्रियन ऊँट, और जांस्कर पोनी भी परेड दस्ते का हिस्सा होंगे। सेना के मुताबिक इस परेड का सबसे भावुक हिस्सा होंगे भारतीय सेना के कुत्ते। इन्हें प्यार से मूक योद्धा भी कहा जाता है। इन कुत्तों को मेरठ स्थित रिमाउंट एंड वेटरनरी कॉर्प्स केंद्र में प्रशिक्षित किया जाता है। ये आतंकवाद विरोधी अभियानों, विस्फोटक और बारूदी सुरंगों की पहचान, खोज-बचाव कार्यों और आपदा राहत में सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। कई बार इन कुत्तों ने अपनी जान की परवाह किए बिना सैनिकों की जान बचाई है। आत्मनिर्भर भारत के तहत सेना अब मुधोल हाउंड, रामपुर हाउंड, चिप्पीपराई, कोम्बई और राजापलायम जैसी भारतीय नस्लों के कुत्तों को भी बड़े स्तर पर शामिल कर रही है।

यह भारत की अपनी क्षमताओं पर बढ़ते भरोसे का साफ संकेत है। वहीं परेड में शामिल चार शिकारी पक्षी (रैप्टर्स) सेना की नई और स्मार्ट सोच को दिखाते हैं। इनका इस्तेमाल निगरानी और हवाई सुरक्षा से जुड़े कामों में किया जाता है, जिससे सेना के अभियान ज्यादा सुरक्षित बनते हैं। भारतीय सेना ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि दस्ते की अगुवाई बैक्ट्रियन ऊँट करेंगे। इन्हें हाल ही में लद्दाख के ठंडे रेगिस्तानी इलाकों में तैनात किया गया है। ये ऊंट बहुत ठंडे मौसम और 15,000 फीट से ज्यादा ऊंचाई पर आसानी से काम कर सकते हैं। ये 250 किलो तक का सामान भी ढो सकते हैं और कम पानी व चारे में लंबी दूरी तय करते हैं। इससे सेना को दूरदराज और कठिन इलाकों में रसद पहुँचाने में बड़ी मदद मिलती है।

इसके बाद कदम से कदम मिलाकर चलेंगी जांस्कर पोनी, जो कि लद्दाख की एक दुर्लभ और स्वदेशी नस्ल हैं। आकार में छोटी होने के बावजूद इनमें जबरदस्त ताकत और सहनशक्ति होती है। ये पोनी माइनस 40 डिग्री तापमान और बहुत ऊंचाई वाले इलाकों में 40 से 60 किलो वजन लेकर चल सकती हैं। साल 2020 से ये सियाचिन जैसे कठिन क्षेत्रों में सैनिकों के साथ सेवा दे रही हैं और कई बार एक दिन में 70 किलोमीटर तक गश्त करती हैं।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब ये पशु कर्तव्य पथ से गुजरेंगे, तो वे यह याद दिलाएंगे कि देश की रक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं होती। सियाचिन की बर्फीली चोटियों से लेकर लद्दाख के ठंडे रेगिस्तान तक, इन पशुओं ने चुपचाप लेकिन मजबूती से अपना फर्ज निभाया है।

# सरकार का बड़ा फैसला, हाई-डोज निमेसुलाइड दवाओं पर लगाई रोक

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।

सरकार ने दर्द और बुखार की दवाओं की उन सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है, जिनमें निमेसुलाइड 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा में होता है और जो तुरंत असर करने वाली (इमीडिएट-रिलीज) होती हैं।



यह दवा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26ए के तहत प्रतिबंधित की गई है। यह फैसला ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी) से सलाह लेने के बाद किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि 100 मिलीग्राम से ज्यादा निमेसुलाइड वाली दवाओं का इस्तेमाल इंसानों के लिए खतरे भरा हो सकता है, और इसके ज्यादा सुरक्षित विकल्प पहले से मौजूद हैं।

निमेसुलाइड एक नॉन-स्टेरॉयडल एंटी-इंफ्लेमेटरी दवा (एनएसएआईडी) है और दुनिया भर में इसके लिवर को नुकसान पहुंचाने और अन्य दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताई जाती रही है। यह कदम दवाओं की सुरक्षा को और सख्त करने और जोखिम वाली दवाओं को धीरे-धीरे हटाने की दिशा में उठाया गया है।

यह प्रतिबंध सिर्फ ज्यादा मात्रा वाली (हाई-डोज) दवाओं पर लागू होगा, जो इंसानों के लिए बनाई जाती हैं। कम मात्रा वाली दवाएं और अन्य इलाज के विकल्प जारी रहेंगे।

अधिसूचना में कहा गया है कि जो दवा कंपनियां निमेसुलाइड वाली दवाएं बेचती हैं, उन्हें उत्पादन बंद करना होगा और बाजार में मौजूद प्रभावित बैच वापस मंगाने होंगे।

वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि बड़ी दवा कंपनियों पर इसका ज्यादा आर्थिक असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि कुल एनएसएआईडी बिक्री में निमेसुलाइड का हिस्सा कम है। हालांकि, जिन छोटी कंपनियों की कमाई इस दवा पर ज्यादा निर्भर है, उन्हें नुकसान हो सकता है।

भारत पहले भी धारा 26ए का इस्तेमाल करके कई खतरनाक दवाओं और फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन पर रोक लगा चुका है, ताकि लोगों की सेहत सुरक्षित रखी जा सके। सरकार के अनुसार, सितंबर 2025 तक पिछले साढ़े तीन साल में बल्क ड्रग पार्क योजना के तहत 4,763.34 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, ताकि देश में दवाओं के कच्चे माल का उत्पादन बढ़ाया जा सके।

# साल के आखिरी दिन सेंसेक्स 545 अंक बढ़कर बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप भी चमके

» मुंबई, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।



भारतीय शेयर बाजार 2025 के आखिरी कारोबारी सत्र यानी बुधवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। इस दौरान बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के अंत में सेंसेक्स 545.52 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,220.60 और निफ्टी 190.75 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 26,129.60 पर था।

बाजार के ज्यादा सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.66 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 1.77 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज 1.61 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.56 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया 1.50 प्रतिशत, निफ्टी एनर्जी 1.47 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। मुख्य सूचकांक में केवल निफ्टी आईटी ही -0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन, ट्रेंट, पावर ग्रिड, बीईएल, एनटीपीसी, एमएंडएम, एचयूएल, एसबीआई, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स थे। टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा लूजर्स थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 570.25 अंक या 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,484.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 195 अंक या 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,713.95 पर था। एसबीआई सिक्योरिटी के उपाध्यक्ष-टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च, सुदीप शाह ने कहा कि बाजार लगातार तीन कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद हरे निशान में बंद हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### महिंद्रा की नए साल तीन बड़ी एसयूव्ही लॉन्च करने की तैयारी

नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर। नए साल 2026 में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी तीन बड़ी एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में है। नए मॉडल्स में एक्सयूवी 7एक्सड, स्कार्पियो -एन फेसलिफ्ट और थार फेसलिफ्ट शामिल हैं। इन सभी मॉडल्स का फोकस ज्यादा प्रीमियम लुक, एडवांस टेक्नोलॉजी और बेहतर फीचर्स पर होगा। 2026 की पहली बड़ी लॉन्च महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सड होगी, जो मौजूदा एक्सयूवी700 का फेसलिफ्ट वर्जन है। इसे 5 जनवरी को लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। इसके एक्सटीरियर में नए हेडलैंप्स, बदला हुआ ग्रिल, बड़े 19-इंच अलॉय व्हील्स और नया टेललैंप डिजाइन मिलेगा। इंटीरियर में तीन 12.3-इंच स्क्रीन, नया डैशबोर्ड और अपडेटेड स्टीयरिंग व्हील देखने को मिल सकता है। इसके बाद महिंद्रा मार्च 2026 में स्कार्पियो-एन फेसलिफ्ट पेश कर सकती है। थार फेसलिफ्ट में कॉस्मेटिक बदलावों के साथ वेंटिलेटेड सीट्स और वायरलेस चार्जर जैसे फीचर्स जोड़े जा सकते हैं। इन लॉन्च के जरिए महिंद्रा एसयूवी सेगमेंट में अपनी पकड़ और मजबूत करने की तैयारी में है। इसमें नए बंपर, बदला हुआ हेडलैंप ग्राफिक्स और केबिन में बड़ा डिस्प्ले मिलने की संभावना है।

### साल 2025 में 52 हजार लग्जरी कारें बिकने का अनुमान

नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर। भारतीय कार बाजार में साल 2025 में लगभग 52,000 लग्जरी कारें बिकने का अनुमान है, जबकि कुल पीवी रिटेल बिक्री 46 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। भारत का पैसेंजर व्हीकल बाजार 2025 में रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर बढ़ा, लेकिन लग्जरी कार सेगमेंट इस तेजी से पीछे रह गया। इंडस्ट्री अनुमान के मुताबिक, 50 लाख रुपये से ऊपर की कीमत वाली कारों की बिक्री में इस साल सिर्फ 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ऑटो इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और रुपये की कमजोरी इसके प्रमुख कारण रहे।

# ओएनडीसी ने ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण किया, छोटे विक्रेताओं को सशक्त बनाया : पीयूष गोयल



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने पिछले चार वर्षों में भारत के ई-कॉमर्स को पूरे तरह से बदल दिया है और इसके जरिए डिजिटल व्यापार पहले के मुकाबले आसान हुआ है और अधिक व्यापारियों को पहुंच प्राप्त हुई है। ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के चार साल पूरे होने पर गोयल ने कहा कि इस पहल ने खुली भागीदारी को प्रोत्साहित करके और इनोवेशन एवं सहयोग को बढ़ावा देकर उत्पादों और सेवाओं के क्षेत्र में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने में मदद की है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि ओएनडीसी ने छोटे दुकानदारों को डिजिटल बाजार में लाने और उपभोक्ताओं एवं विक्रेताओं दोनों के लिए पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे पूरे इकोसिस्टम में विश्वास मजबूत हुआ है।

गोयल ने कहा, पिछले चार वर्षों में, ओएनडीसी ने खुली भागीदारी को सक्षम बनाकर और इनोवेशन एवं सहयोग को बढ़ावा देकर उत्पादों और सेवाओं के क्षेत्र में ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण किया है। उन्होंने आगे कहा, छोटे दुकानदारों को डिजिटल बाजार में लाकर और सभी के लिए पहुंच बढ़ाकर, इसने विश्वास को मजबूत किया है, जिससे उपभोक्ताओं और विक्रेताओं दोनों को लाभ हुआ है।

केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब सरकार बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के विकल्प के रूप में ओएनडीसी को बढ़ावा देना जारी रखे हुए हैं।

पारंपरिक बाजारों के उलट ओएनडीसी विक्रेताओं को एक ही प्लेटफॉर्म या मुश्किल नियमों और शर्तों से बंधे बिना कई बायर ऐप्स के जरिए ग्राहकों तक पहुंचने की सुविधा देता है।

कुछ दिनों पहले संसद में सरकार द्वारा साझा किए गए डेटा के अनुसार, देश भर के 630 से ज्यादा शहरों और कस्बों से 1.16 लाख से अधिक रिटेल सेलर अभी ओएनडीसी पर लाइव हैं।

यह नेटवर्क अलग-अलग बायर और सेलर एप्लिकेशन के बीच इंटरऑपरेबिलिटी को सक्षम करके छोटे और माइक्रो बिजनेस के लिए एंट्री बैरियर को कम करता है, जिससे डिजिटल कॉमर्स में कॉम्पिटिशन बढ़ता है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पहले लोकसभा में बताया था कि ओएनडीसी पर एक ही प्रोडक्ट और सर्विस देने वाले कई प्लेटफॉर्म की मौजूदगी से कंज्यूमर्स के लिए कीमतों में पारदर्शिता बेहतर होती है।

# लक्जरी वाहन ब्रांड भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र में कर रहा प्रवेश

## मर्सिडीज, बीएमडब्ल्यू की नजर भारत के रियल एस्टेट पर

मुंबई, यूटर्न/ 31 दिसम्बर। लोकप्रिय लक्जरी वाहन कंपनियां मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं की तलाश रही हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार मर्सिडीज-बेंज गुरुग्राम में लक्जरी ब्रांडेड रिहायशी परियोजना के लिए कई डेवलपरों से बातचीत कर रही है। बीएमडब्ल्यू भी भारतीय डेवलपर्स के साथ चर्चा कर रही है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह सीधे ब्रांडेड परियोजना के लिए है या अपनी डिजाइन सलाहकार फर्म डिजाइनवर्क्स के माध्यम से। टोनिनो लैम्बोर्गिनी, जिन्होंने टोनिनो लैम्बोर्गिनी स्पा की स्थापना की, मुंबई और चेन्नई में दो रियल एस्टेट डेवलपर्स के साथ बातचीत अंतिम चरण में हैं। इंडस्ट्री विशेषज्ञों का मानना है कि लैम्बोर्गिनी परिवार की भारत में रुचि ने अन्य लक्जरी कार ब्रांडों की बातचीत में तेजी ला दी है। नोएसिस कैपिटल एडवाइजर्स के एक अधिकारी के अनुसार प्रीमियम वेलनेस ब्रांड और यूरोपीय डिजाइन स्टूडियोज भी भारतीय रियल एस्टेट में रुचि ले रहे हैं। मर्सिडीज-बेंज के पास पहले से ही दुबई और मियामी में ब्रांडेड रिहायशी परियोजनाएं हैं। वहीं बीएमडब्ल्यू ने अभी तक वैश्विक स्तर पर कोई ब्रांडेड रिहायशी प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया है। भारत में 2026 तक इस तरह के सौदों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत में लक्जरी और प्रीमियम रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी वाहन ब्रांडों की भागीदारी बढ़ेगी।

# गिग कामगारों की हड़ताल से ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवा प्रभावित

## हड़ताल से सेवाओं में व्यवधान आने की संभावना

» मुंबई, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।



देश भर के गिग कामगार संगठनों ने 31 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। नए साल की पूर्व संध्या ऑनलाइन फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कारोबार के लिए सबसे व्यस्त समय माना जाता है। इस कारण हड़ताल से सेवाओं में व्यवधान आने की संभावना जताई जा रही है।

जोमैटो और स्विगी सहित अधिकांश फूड एग्रीगेटर और क्विक कॉमर्स कंपनियां हड़ताल के प्रभाव को कम करने के लिए तैयारी में जुटी हैं। प्लेटफॉर्म अपने ऑपरेशन और सपोर्ट सिस्टम को बढ़ा रहे हैं ताकि डिलीवरी पार्टनर्स को सुरक्षा और सहायता मिल सके। जोमैटो ने डिलीवरी पार्टनरों के लिए आपातकालीन संपर्क, एसओएस बटन और त्वरित प्रतिक्रिया टीम तैयार की है। इटरनल (जोमैटो और ब्लिंकइट की मूल कंपनी) ने बताया कि पुलिस और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर डिलीवरी पार्टनर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। स्विगी अपने नेटवर्क रेस्टोरेंट्स के साथ लगातार संपर्क में है ताकि ऑर्डर की आपूर्ति समय पर सुनिश्चित हो। संभावित व्यवधानों की स्थिति में रेस्टोरेंट्स अपने कर्मचारियों को तैनात कर डिलीवरी जारी रख सकते हैं। अन्य रेस्टोरेंट्स भी इसी रणनीति को अपना सकते हैं। कंपनियां अतिरिक्त कदम उठा रही हैं ताकि ग्राहकों को हड़ताल का कम से कम असर महसूस हो। ऑर्डर मैनेजमेंट और आपूर्ति समयसीमा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# वितरक संघ ने सेबी से क्विक कॉमर्स आईपीओ पर हस्तक्षेप की मांग की

## बाजार में वितरकों और छोटे व्यवसायों को लगातार हो रहा नुकसान

» मुंबई, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।



अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरक संघ (एआईसीपीडीएफ) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को पत्र लिखकर घाटे वाली क्विक कॉमर्स और ई-कॉमर्स कंपनियों के आईपीओ आवेदनों के खिलाफ नियामकीय हस्तक्षेप की मांग की है। संघ का कहना है कि ऐसी कंपनियों की रणनीतियों के कारण बाजार में वितरकों और छोटे व्यवसायों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। पत्र में बताया गया है कि कंपनियां भारी डिस्काउंट, जानबूझकर कम कीमत और नकद निवेश करके बाजार पर कब्जा कर रही हैं। इससे न केवल वितरक प्रभावित हुए हैं, बल्कि आपूर्ति श्रृंखला में भी व्यवधान आया है। एआईसीपीडीएफ का कहना है कि इन कंपनियों को बार-बार निजी पूंजी निवेश से फंडिंग मिल रही है, जिससे उनके नुकसान को पूरा किया जा रहा है और छोटे व्यवसायों को असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में उल्लेख है कि स्विगी और जोमैटो ने पहले ही आईपीओ और ओएफएस (ओपन ऑफर फॉर सेल) के माध्यम से शुरूआती निवेशकों को बाहर निकलने का मौका दिया है।

अब जेप्टो ने 1.22 अरब डॉलर के आईपीओ के लिए सेबी में गोपनीय आवेदन जमा किया है। एआईसीपीडीएफ का कहना है कि यह संकेत है कि नकदी-खर्च करने वाली एक और क्विक-कॉमर्स कंपनी जल्द ही सार्वजनिक बाजार में आ सकती है। संघ ने सेबी से अनुरोध किया है कि आईपीओ अनुमोदन से पहले इस सेक्टर की प्रतिस्पर्धा और वित्तीय व्यवहार की समीक्षा की जाए।

## संक्षिप्त खबरें




### द्वारका एक्सप्रेसवे पार कर रहे युवक की वाहन की चपेट में आने से मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** सेक्टर-37 थाना क्षेत्र में एवीएल सोसाइटी के पास सोमवार की रात करीब 11.15 बजे द्वारका एक्सप्रेसवे पार कर रहे युवक की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। युवक के मोबाइल की सिम दूसरे मोबाइल में डालकर परिजनों से संपर्क हुआ। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर निवासी नुरुल इस्लाम के रूप में हुई है। वह सेक्टर-51 में परिवार के साथ रहता रहा था और ऑटो चलाता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम को नुरुल इस्लाम सेक्टर-83 में जानकार से मिलने गया हुआ था। सेक्टर-83 में जानकार से मिलने के बाद रात करीब 11.15 बजे नुरुल इस्लाम एवीएल सोसाइटी के पास द्वारका एक्सप्रेसवे को पार कर रहा था तो धुंध अधिक होने के कारण अज्ञात वाहन की चपेट में आया गया और मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

# झगड़े में साथ न देने पर स्पेयर पार्ट्स सप्लायर का दोस्त ने घोंटा गला, हुई मौत; आरोपी गिरफ्तार

» **लोनी, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

गाजियाबाद के चमन विहार स्थित रामनगर कॉलोनी में स्पेयर पार्ट्स सप्लायर को दोस्त घर से बुलाकर ले गया और गला घोंटकर फेंक दिया। वह परिजनों को घर से 100 मीटर दूर खाली प्लॉट में बेसुध मिले। अस्पताल ले जाने पर उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी अरुण निवासी रामनगर कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके एक साथी को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने झगड़े में साथ नहीं देने पर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। ऐसे में बिसरा प्रिजर्व किया गया है। इस कारण आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मूलरूप से मध्यप्रदेश निवासी राम सिंह करीब 17 साल



से अंकुर विहार थाना क्षेत्र में रामनगर कॉलोनी में रहते हैं। उनके मझले बेटे अमरपाल (22) दिल्ली में कश्मीरी गेट के पास स्पेयर पार्ट्स सप्लाई करते थे।

राम सिंह ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे अमरपाल के मोबाइल फोन पर किसी की कॉल आई। उसने बेटे को बाहर बुलाया। अमरपाल जल्द लौटने की बात कहकर फोन पर बात करते हुए घर से निकल गए। करीब एक घंटे तक वापस नहीं आने पर भाई ने अमरपाल को कॉल किया। उनका फोन बंद था। इसके बाद अमरपाल की तलाश में उनके दोनों भाई प्रदीप व विष्णु और पिता राम सिंह घर से निकले। रात करीब 11 बजे अमरपाल घर से 100 मीटर दूर खाली प्लॉट में बेसुध मिले। भाई उनको नजदीकी अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर किसी बड़े अस्पताल ले जाने के लिए कहा। इसके बाद परिजन अमरपाल को दिल्ली स्थित हायर सेंटर ले गए। वहां डॉक्टरों ने अमरपाल को देर रात मृत घोषित कर दिया।

### कैमरों से मिली फुटेज के आधार पर पकड़ा

डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी से आरोपी की पहचान हुई और फिर उसे पकड़ा गया। पीड़ित पिता ने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि मंगलवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अमरपाल की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। गला घोंटने से उसकी मृत्यु होना नहीं दर्शाया गया है। हालांकि, आरोपी ने गला घोंटने की बात स्वीकार की है और तार भी बरामद कराया है। मृतक के गले पर निशान भी हैं। ऐसे में बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है।

### भागने की फिराक में थे आरोपी

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आरोपी अरुण की पांच दिन पूर्व किसी युवक से मारपीट हो गई थी। इस दौरान अमरपाल ने अरुण के बजाय दूसरे युवक का साथ दिया। आरोपी इसी बात से नाराज था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अमरपाल को फोन कर घर के बाहर बुलाया। दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान उसने एक तार से अमरपाल का गला घोंट दिया। घटना के वक्त आरोपी के साथ एक और युवक भी था। अमरपाल के बेहोश होने पर दोनों घबरा गए थे। देर रात मौत की सूचना मिली तो भागने की फिराक में थे।

## निमार्णाधीन इमारत में बेसमेंट की दीवार गिरने के मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

सेक्टर-56 स्थित निमार्णाधीन इमारत में बेसमेंट की दीवार गिरकर एक मजदूर की मौत मामले में पुलिस ने मंगलवार को ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ठेकेदार की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के गांव बोलिया पांडे गांव निवासी शिवपुकार गिरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सेक्टर-56 थाने में धारा 105, 125, 223 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पुलिस की जांच में



सामने आया कि सेक्टर-56 के प्लाट नंबर ई-26/7 में निमार्णाधीन इमारत की बेसमेंट में काम चल रहा है। प्लॉट के निर्माण का ठेका शिवपुकार गिरी ने कुछ समय पहले लिया था। यहां पिछले 10 दिन से कई मजदूर बेसमेंट की खोदाई व दीवार निर्माण का काम कर रहे थे। श्रमिकों के परिवार वालों ने आरोप लगाए हैं कि ठेकेदार ने बेसमेंट में खोदाई व दीवार के निर्माण के दौरान पर्याप्त रोशनी व सुरक्षा के प्रबंध नहीं किए गए थे। सोमवार की देर शाम को भी मजदूर बेसमेंट में अंधेरे में काम कर रहे थे। बेसमेंट में सुरक्षा उपकरणों और प्रबंधन में कमी के कारण दीवार व मिट्टी ढहने का हादसा हुआ है। निमार्णाधीन इमारत के बेसमेंट में दीवार व मिट्टी ढहने से दबे कई मजदूरों को फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की टीम ने बाहर निकालकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया।



## ई-कॉमर्स माल चोरी करने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** अपराध शाखा मानेसर की पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी के सामान से भरी गाड़ी की पैकिंग सील खोलकर मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी करने के मामले में तीसरा आरोपी को मंगलवार को गुरुग्राम के याकूपुर गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने भाई के ड्राइविंग लाइसेंस को एडिट करके खुद की फोटो लगाकर उसी कंपनी में नौकरी कर रहा था। आरोपी को अदालत में पेश करके चार दिन के रिमांड लिया है। आरोपी की पहचान मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) के शहजादेपुरे गांव निवासी सचिन (22) के रूप में हुई है।

पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपने भाई करण के ड्राइविंग लाइसेंस में अपनी फोटो एडिट करके और उसी के नाम से चालक की नौकरी कर रहा था। आरोपी सचिन ने बताया कि उसने अपने आरोपी साथी जीतू व एक अन्य साथी के साथ मिलकर गाड़ी में भरे सामान की पैकिंग सील को खोलकर उसमें रखे एक मोबाइल सहित अन्य सामान के बॉक्स को निकाल लिया था। इसके बाद सील को वापस चिपकाकर चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। मामले में अन्य आरोपी जीतू ने दुकानदार सोहेल को मोबाइल व टैबलेट बेचे थे। अपराध शाखा मानेसर की पुलिस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी जीतू व सोहेल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों से अब तक 12 मोबाइल और एक टेबलेट भी बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी चालक सचिन को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी से सामान चोरी मामले में पूछताछ करके मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर हुआ विवाद, 12 लोगों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला, हालत नाजुक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** राजधानी दिल्ली के दयालपुर थाना इलाके में स्थित नेहरू विहार में सोशल मीडिया पर हुए विवाद में सोमवार रात 12 से ज्यादा लोगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रेहान को पास के जग प्रवेश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जानकारी के मुताबिक रेहान नेहरू विहार में परिजनों के साथ रहता है। दयालपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी में रेहान ने बताया कि सोमवार रात रेहान नेहरू विहार की गली नंबर चार में खड़ा था। इसी दौरान करीब 12 से अधिक लोग हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे और रेहान पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर गया। शुरूआती जांच में पता चला कि करीब एक साल पहले रेहान का इलाके के कुछ लड़कों से इंस्टाग्राम पर विवाद हुआ था। विवाद के बाद से आरोपी लगातार रेहान को धमका रहे थे और उसका पीछा कर रहे थे। कुछ दिन पहले भी हमलावरों ने उस पर हमला करने की कोशिश की गई थी, लेकिन तब वह वहां से भाग गया था। सोमवार को आरोपियों ने उसपर हमला कर दिया। पुलिस हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

## बुजुर्ग से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

बहन के कैंसर का इलाज कराने के नाम पर बुजुर्ग से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने 29 दिसंबर को हैदराबाद से एक आरोपी गिरफ्तार किया है। मामले की जांच गुरुग्राम पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा-1 कर रही है। आरोपी को मंगलवार को हैदराबाद की अदालत में पेश करके चार दिन के पुलिस राहदारी रिमांड पर लिया है।

आरोपी की पहचान हैदराबाद (तेलंगाना) के बड़ा गली कबूतरखाना निवासी अजहर अहमद (30) के रूप में हुई है। वह स्नातक पास है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने अपनी महिला मित्र (यांगजी शेरपा उर्फ यामा) के साथ मिलकर मामले में शिकायतकर्ता से ठगी की है। आरोपी अजहर अहमद ने बताया कि उसकी महिला मित्र यांगजी शेरपा उर्फ यामा ने बहन के इलाज के नाम पर शिकायतकर्ता से मई 2024 से लेकर अप्रैल 2025 तक 2.18 करोड़ रुपये लिए थे। वापस करने का विश्वास दिलाने के नाम पर करीब 18 लाख रुपये भेजे। इसके साथ रुपये भेजने के नाम पर फर्जी स्क्रीनशॉट शिकायकर्ता के पास



भेजे थे। आरोपी ने बताया कि जिस बैंक खाते में रुपये ट्रांसफर होते थे वो बैंक खाता उसकी महिला मित्र यांगजी शेरपा का था। महिला यांगजी शेरपा उर्फ यामा जिस मोबाइल नंबर से कॉल करती थी, वह नंबर अजहर अहमद का था। आरोपी अजहर ने महिला मित्र के बैंक खाते से ठगे गए रुपयों को स्वयं के बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया था।

मामले में पीड़ित बुजुर्ग ने 10 जुलाई को पुलिस को शिकायत दी कि नेपाली मूल की महिल यांगजी शेरपा उर्फ याना ने बहन के कैंसर के इलाज के नाम पर पिछले एक वर्ष के दौरान 2.21 करोड़ रुपये ऐंठ लिए है। मामले में सेक्टर-40 थाने में प्राथमिकी दर्ज करके आर्थिक अपराध शाखा-1 पुलिस को जांच सौंपी गई थी।

## वाहन चोर गिरोह का किया पदार्फाश, तीन शातिर गिरफ्तार

**नोएडा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की कुल 9 मोटरसाइकिलें और एक कटी हुई मोटरसाइकिल के पाट्र्स बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 31 दिसंबर 2025 को एफएनजी सर्विस रोड स्थित ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-123 नोएडा क्षेत्र से की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान फूल सिंह उर्फ मोनू पुत्र कैलाश, राजेन्द्र उर्फ छोटे पुत्र कुंवरपाल और राजपाल उर्फ भोला पुत्र ज्ञानी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तीनों अभियुक्त नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय रूप से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि अभियुक्त पहले नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में रेकी करते थे। मौका मिलने पर मोटरसाइकिल चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद या तो पूरी मोटरसाइकिल ग्राहक की मांग के अनुसार बेच दी जाती थी या फिर उसे काटकर उसके पाट्र्स अलग-अलग कर दिए जाते थे।

# स्टंटबाजी पड़ी भारी, तीन कार चालकों पर एफआईआर दर्ज

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

धर्मा ढाबा से सेक्टर-12 डीसी कार्यालय की ओर जाने वाली प्रमुख सड़क पर चलती कारों में स्टंट करना युवाओं को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सेंट्रल थाना पुलिस हरकत में आ गई और तीन कार चालकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस अब आरोपितों के वाहनों की तलाश कर रही है और उन्हें जब्त किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है। चार दिन पहले का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें लड़के-लड़कियां चलती कारों की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट करते नजर आ रहे थे। वहीं कार चालक खतरनाक तरीके से वाहन चला रहे थे, जिससे




सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सेंट्रल थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, थाना प्रभारी ने बताया कि कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य माध्यमों से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कुछ युवक चलती कारों में स्टंटबाजी करते हुए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालते दिखाई दे रहे हैं। जांच में सामने आया कि यह वीडियो 27 दिसंबर को शाम करीब 4:30 बजे का है। वीडियो में तीन कारें स्टंट करती हुई नजर आ रही हैं, जिनमें एक दिल्ली नंबर और दो हरियाणा नंबर की गाड़ियां शामिल हैं। ये युवक धर्मा ढाबा, सेक्टर-12 से सेक्टर-12 कोर्ट रोड की ओर जाते समय स्टंट कर रहे थे। पुलिस ने तीनों कार चालकों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है।



# असली तंदुरुस्ती मन से शुरू होती है, कुब्रा सैत ने बताई फिटनेस की नई परिभाषा

आज की भागती-दौड़ती जिंदगी में लोग जिम, डाइट प्लान और सोशल मीडिया फिटनेस ट्रेंड्स में इतने उलझ गए हैं कि वे यह भूल गए हैं कि असली स्वास्थ्य का आधार क्या है। इस कड़ी में अभिनेत्री कुब्रा सैत ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि फिटनेस का असली मतलब केवल वजन कम करना या मसल्स बनाना नहीं होता, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्म-जागरूकता भी सबसे अहम हैं। कुब्रा सैत ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ह्ललसमय के साथ मेरी फिटनेस और स्वास्थ्य को लेकर सोच पूरी तरह बदल गई। पहले मैं केवल सुंदरता और शरीर की शेप को लेकर चिंतित रहती थी, लेकिन अब मेरा फोकस मानसिक स्वास्थ्य पर है। असली तंदुरुस्ती मन से शुरू होती है। अगर मन संतुलित और मजबूत है, तो शरीर अपने आप स्वस्थ रहता है। कुब्रा ने कहा, आज के दौर में सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि लोग दिखावे और बाहरी रूप पर ज्यादा ध्यान देते हैं। हम सभी फिटनेस टिप्स, हैक्स और ट्रेंड्स से घिरे हुए हैं, लेकिन इन सबके बीच हम भूल जाते हैं कि हर शरीर अलग होता है। खुद पर जो दबाव हम डालते हैं, वह अच्छा दिखने के लिए होता है, न कि सच में अच्छा महसूस करने के लिए। मेरे लिए फिटनेस का मतलब एक स्वस्थ मन है, जो शरीर तक अपना सकारात्मक असर पहुंचाता है। कोविड-19 महामारी के दौरान फिटनेस जर्नी में आए मोड़ को लेकर कुब्रा ने बताया कि उस वक्त एहसास हुआ कि मानसिक स्वास्थ्य, हार्मोन और शरीर के कामकाज का आपस में कितना गहरा रिश्ता है।

# मुझे राजस्थान और यहां की कल्चर से बहुत ज्यादा लगाव है: अभिनेत्री जाह्नवी सोनी



पारो संग देव की अभिनेत्री जाह्नवी सोनी ने कहा कि मुझे राजस्थान और यहां की संस्कृति से बहुत ज्यादा लगाव है। उन्होंने जयपुर के बारे में बोलते हुए कहा कि जैसा कि शहर का नाम पिंक सिटी है, यहां सबकुछ ऐसा ही है; यहां की हवा में कुछ है। यहां की हवाएं गुलाबी हैं। जयपुर और उसकी हवा में रोमांस है।

उन्होंने कहा कि जयपुर मुझे इतना पसंद है कि मैं हमेशा वहां जाने के बारे में सोचती रहती हूं। हालांकि अभी वहां पर बहुत सर्दी है। जयपुर में बहुत शांति है। जैसा कि अब हमारा शो ऑफ एयर हो गया है, तो मैं किसी भी तरह वहां जाना चाहती हूं। यहां बहुत सुकून है। उन्होंने नवाजुद्दीन सिद्दीकी और भूमि पेडनेकर जैसे कलाकारों के साथ काम करने से जुड़े सवाल पर कहा कि वे सब भी उसी प्रक्रिया से निकलकर आए हैं। उन सभी में वह गंभीरता है जो मैं मानकर चल रही थी। कुछ लोगों को भ्रम है कि कलाकार नशा करते हैं, ड्रग्स लेते हैं, लेकिन यह सब अफवाह है। ऐसा यहां कुछ भी नहीं है। वहीं, वन टू चा चा चामें कॉमेडी फिल्म के अभिनेता हर्ष मायर ने कहा कि कॉमेडी में एक और साइड एक्सप्लोर करने का मौका मिला, बड़ा मजा आया यह फिल्म करने में। क्योंकि यह एक कॉमेडी फिल्म है, तो इसका दर्शकों को बहुत इंतजार होगा, क्योंकि बॉलीवुड में सालों से कोई क्लीन कॉमेडी फिल्म नहीं आई है। उन्होंने कहा कि एक एक्टर की तरफ से मुझे फिल्में करने में बहुत मजा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मुझे बहुत सारे किरदार करने हैं। पुलिस, जासूस, और कई दूसरी तरह के रोल में करना पसंद करूंगा। उन्होंने कहा कि एक्टिंग समय के साथ-साथ और निखरती जाती है। यह एक हमेशा सीखने वाली प्रक्रिया है। जब हम सीखना बंद कर देते हैं तो हमारी एक्टिंग वहीं रुक जाती है, इसलिए सीखना बहुत जरूरी है।

# जैकब बेथेल ने कहा, आईपीएल ने एमसीजी में एशेज डेब्यू में मदद की



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल ने माना है कि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ खेलना उनके लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एशेज पदार्पण के दबाव से निपटने में मददगार साबित हुआ। 22 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चौथे एशेज टेस्ट में 46 गेंदों में 40 रन बनाकर इंग्लैंड को 175 रन के लक्ष्य तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया और ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 18 मैच से चले आ रहे जीत के सूखे को समाप्त किया। बेथेल को खराब फॉर्म से जूझ रहे ओली पोप की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। एमसीजी में करीब 1 लाख दर्शकों के सामने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने पहली पारी में केवल एक रन बनाया, लेकिन दूसरी पारी में मुश्किल विकेट पर धैर्यपूर्वक पारी खेली और इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने इस एशेज सीरीज में अपनी पहली जीत दर्ज की। एक बातचीत में बेथेल ने कहा, मैं काफी नर्वस था, लेकिन यह नर्वसनेस दर्शकों की वजह से नहीं थी, बल्कि मौके की वजह से। आईपीएल में खेलना, खासकर चेन्नई में 50,000 दर्शकों के सामने खेलना, मुझे ऐसे दबाव वाले माहौल में क्या कर सकता हूँ, यह समझने में मदद मिली। बेथेल ने पिछले आईपीएल सत्र में आरसीबी के लिए सिर्फ दो मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 33 गेंदों में 55 रन बनाए थे। उन्होंने कहा कि उस अनुभव ने उन्हें एमसीजी में बड़े स्टेडियम और भीड़ के सामने आत्मविश्वास से खेलने में मदद की और मैच जीतने में योगदान देने का भरोसा दिया।

# मुंबई इंडियन्स ने डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को बनाया स्पिन गेंदबाजी कोच

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

महिला प्रीमियर लीग 2026 की तैयारियों में जुटी गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने कोचिंग स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और कोचिंग के क्षेत्र में लंबा अनुभव रखने वाली बीम्स की एंट्री से मुंबई इंडियन्स की महिला टीम को स्पिन विभाग में मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बीम्स ऑस्ट्रेलिया के कई बड़े आईसीसी टूनामेंट अभियानों का हिस्सा रह चुकी हैं और 2017 महिला एकदिवसीय विश्व कप में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रही थीं।

क्रिस्टन बीम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही ज्यादा लंबा न रहा हो, लेकिन वह अपनी निरंतरता और क्रिकेट की समझ के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए एक टेस्ट मैच खेला, जिसमें 11 ओवर की गेंदबाजी करने के बावजूद उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इसके अलावा उन्होंने 30 महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 42 विकेट अपने नाम किए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 15 रन देकर चार विकेट रहा। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी बीम्स का योगदान अहम रहा, जहां उन्होंने 18 मैचों में 20 विकेट लिए और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 रन देकर तीन विकेट का रहा। घरेलू स्तर पर उन्होंने महिला बिग बैश लीग में 45 टी20 मुकाबले खेले और अपनी उपयोगिता साबित की।

खेल से संन्यास लेने के बाद बीम्स ने कोचिंग में खुद को स्थापित किया। वह महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड जैसे बड़े टूर्नामेंट में कोचिंग की जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। इसके अलावा वह ऑस्ट्रेलिया की महिला अंडर-19 टीम की कोच रह चुकी हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में नेशनल डेवलपमेंट लीड की भूमिका भी निभा चुकी हैं। क्रिकेट तस्मानिया में कम्युनिटी क्रिकेट मैनेजर के रूप में काम कर चुकी बीम्स अब मुंबई इंडियन्स के साथ अपने अनुभव का इस्तेमाल करेंगी। डब्ल्यूपीएल का चौथा सत्र नौ जनवरी से पांच फरवरी तक खेला जाएगा, और इससे पहले बीम्स की नियुक्ति को मुंबई इंडियन्स की खिताब बचाने की रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।





# द डर्टी पिक्चर ने बदल दी थी विद्या बालन की किस्मत

## पहनने पड़े थे 100 से ज्यादा कॉस्ट्यूम

टेलीविजन, फिल्मों और बंगाली सिनेमा में कई बार रिजेक्शन झेलने के बाद विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में पहली बड़ी पहचान फिल्म ह्यपरिणीताह्न से मिली। यह सफर आसान नहीं था। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को काम पाने के लिए कई तरह की कसौटियों से गुजरना पड़ता है, जहां सबसे पहले उनके शारीरिक बनावट और रंग को निशाना बनाया जाता है। इन तमाम चुनौतियों को सहते हुए विद्या बालन ने अपने करियर की शुरूआत की, लेकिन एक फिल्म ऐसी आई जिसने उनकी पूरी पहचान बदलकर रख दी। यह फिल्म विवादों में जरूर रही, मगर इस फिल्म में उनके बोल्ड और दमदार किरदार ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरीं, बल्कि उन्हें अलग मुकाम पर भी पहुंचा दिया। यह फिल्म थी ह्यद डर्टी पिक्चर, जो विद्या बालन के करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। जिस तरह की सफलता और पहचान उन्हें इस फिल्म से मिली, वैसी कामयाबी उनके करियर में किसी दूसरी फिल्म से नहीं मिल सकी। विद्या बालन जनवरी को 1 जनवरी को अपना 48वां जन्मदिन मनाएंगी और इस मौके पर हम आपको उनकी फिल्म ह्यद डर्टी पिक्चर से जुड़े से अनोखे फैक्ट के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में पहले नहीं सुना होगा। ह्यद डर्टी पिक्चर महिला आधारित फिल्म थी, जिसमें इमरान हाशमी और तुषार कपूर के होते हुए सारी लाइमलाइट विद्या ले गईं। विद्या की झोली में आने से पहले फिल्म कंगना रनौत को ऑफर हुई थी और फिल्म की बोल्ड स्क्रिप्ट सुनने के बाद कंगना ने फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था, हालांकि फिल्म की सफलता के बाद उन्हें अफसोस भी हुआ था। द डर्टी पिक्चर करना विद्या के लिए आसान नहीं था। अपने किरदार में ढलने के लिए विद्या ने 12 किलोग्राम वजन बढ़ाया था और फिल्म की पूरी शूटिंग के दौरान तकरीबन 100 से ज्यादा कॉस्ट्यूम बदले थे। फिल्म की शूटिंग से पहले ही उनके किरदार को ध्यान में रखते हुए 100 कॉस्ट्यूम डिजाइन किए गए थे। द डर्टी पिक्चरह्न में बोल्ड सीन की भरमार थी, और विद्या के लिए सीन करना आसान नहीं था। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा किया था कि बोल्ड सीन के समय सेट पर ज्यादातर महिलाएं उपस्थित होती थीं, चाहे वे कोरियोग्राफर हों या मेकअप मैन। सेट पर माहौल को लाइट बनाने के लिए महिलाओं की मौजूदगी की वजह से सीन आसानी से हो जाते थे। 18 से 20 करोड़ के बजट में बनी फिल्म सुपरहिट रही। हालांकि, फिल्म विवादों में रही लेकिन 100 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। विद्या को फिल्म की सफलता का पूरा क्रेडिट मिला। इसके बाद उन्हें बैक-टू-बैक फिल्में मिलनी शुरू हो गई थीं। द डर्टी पिक्चर के बाद वे कहानी, हमारी अधूरी कहानी, मिशन मंगल, और भूल भूलैया-3 जैसी फिल्मों में नजर आई थीं।

## पुतिन के आवास पर ड्रोन हमले का सबूत आया सामने ! रूसी रक्षा मंत्रालय ने जारी किया फुटेज

» **मास्को, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

कीव के 91 ड्रोन हमलों का कथित सबूत रूस ने बुधवार को पेश किया है। फुटेज जारी कर रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति वोलोदिमीर पुतिन के आवास पर एक साथ कई दिशाओं से हमले का प्रयास किया था।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ब्रायन्स्क, स्मोलेंस्क और नोवगोरोड क्षेत्रों में 91 ड्रोन मार गिराए गए। यह हमला लक्षित, सुनियोजित और चरणबद्ध तरीके से किया गया था। हालांकि इससे आवास को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी फुटेज में बर्फ में पड़े काले ड्रोन का मलबा, उनके लकड़ी के हिस्से और लाल तारों को देखा जा सकता है। दावा किया गया है कि इसमें 6 किलोग्राम विस्फोटक लदा हुआ था।

रूस ने दावा किया था कि 28-29 दिसंबर की मध्य रात्रि को कीव ने राष्ट्रपति के राजकीय आवास पर 91 ड्रोन भेजे थे, जिसे रूस ने मार गिराया था। विदेश मंत्री लावरोव ने पुष्टि करते हुए एक संदेश जारी किया था।



उन्होंने कहा था कि नोवगोरोड क्षेत्र में राष्ट्रपति के राजकीय आवास पर हमला करने के लिए भेजे गए सभी 91 लंबी दूरी के ड्रोन को एयर डिफेंस ने मार गिराया।

विदेश मंत्री लावरोव ने यह भी कहा था कि संघर्ष को सुलझाने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान इस हमले के बावजूद मॉस्को वार्ता से पीछे नहीं हटेगा।

हालांकि रूसी राष्ट्रपति आवास पर किसी भी तरह के हमले की कोशिश को यूक्रेन ने सिरे से खारिज किया था। दुनिया के कई देशों ने राष्ट्रपति आवास को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा की थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमले की खबरों पर चिंता जताते हुए शांति की अपील की थी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ह्यरूस के राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाए जाने की रिपोर्ट से बेहद चिंतित हूं। चल रहे डिप्लोमेटिक प्रयास युद्ध को समाप्त करने और शांति हासिल करने की दिशा में सबसे व्यवहार्य मार्ग प्रदान करते हैं। हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें और ऐसे किसी भी कार्य से बचें जो इन्हें कमजोर कर सकता है।

## अमेरिका ने ईरान-वेनेजुएला हथियार व्यापार को लेकर नए प्रतिबंध लगाए

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

अमेरिका ने ईरान और वेनेजुएला के बीच कथित तौर पर हो रहे हथियारों के व्यापार को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों देशों की 10 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिका का आरोप है कि तेहरान, वेनेजुएला को पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति कर रहा है, जिससे अमेरिकी सुरक्षा हितों को खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग और वित्त विभाग के मंगलवार को जारी अलग-अलग बयानों में कहा गया कि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य ईरान और वेनेजुएला के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को रोकना है।

अमेरिकी प्रशासन के अनुसार, प्रतिबंधों के दायरे में आई एक वेनेजुएला की कंपनी कथित तौर पर ईरानी डिजाइन वाले ह्यकॉम्बैट अनमैन्ड एरियल व्हीकलह्व या हमलावर ड्रोन की खरीद-बिक्री में शामिल रही है। अमेरिकी दावों के मुताबिक, यह व्यापार लाखों डॉलर का है और इसमें शामिल ड्रोन युद्धक अभियानों में सक्षम हैं।

## थाईलैंड ने 18 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा किया

**थाईलैंड, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हाल ही में हुए संघर्षविराम के लागू रहने के बीच थाईलैंड ने 18 कंबोडियाई सैनिकों को रिहा कर दिया है। ये सैनिक पिछले करीब पांच महीनों से थाई हिरासत में थे। थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सैनिकों को कंबोडिया सौंपना ह्लसद्भावना और विश्वास-निर्माणह्व के तहत किया गया कदम है। कंबोडिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, सभी 18 सैनिक बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 10 बजे प्रुम सीमा चौकी के रास्ते कंबोडियाई क्षेत्र में सुरक्षित पहुंच गए। बताया गया कि ये सैनिक जुलाई महीने में सीमा पर हुई झड़पों के दौरान पकड़े गए थे और करीब 155 दिनों तक थाई हिरासत में रहे। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में दोनों देशों के बीच सीमा पर फिर से हिंसक झड़पें शुरू हो गई थीं। इससे पहले जुलाई में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता से संघर्षविराम कराया गया था, लेकिन वह टूट गया था। ताजा संघर्ष में दोनों पक्षों के कम से कम 101 लोगों की मौत हुई और 5 लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए। बीते सप्ताह दोनों देशों ने नए संघर्षविराम पर सहमति जताई, जो शनिवार दोपहर से प्रभावी है। हालांकि सैनिकों की रिहाई में एक दिन की देरी हुई थी, क्योंकि थाईलैंड ने संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगाया था, जिसे कंबोडिया ने खारिज कर दिया।

## डॉक्टरों का कारनामा, पहले पैर पर कान लगाया, फिर लगा दिया सिर पर

**बीजिंग, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** पडोसी देश चीन के डॉक्टरों ने दुनिया की अनोखी सर्जरी करने का कारनामा कर दिया है। यहां के डॉक्टरों ने ऑपरेशन में एक महिला का फटा हुआ कान अस्थायी रूप से उसके पैर पर लगाया गया और बाद में उसे फिर से सिर पर रीअटैच कर दिया गया। महिला के साथ कार्यस्थल पर एक भयानक हादसे में भारी मशीनरी ने उसके कान के साथ सिर की बड़ी हिस्से की त्वचा को भी फाड़ दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला की खोपड़ी, गर्दन और चेहरे की त्वचा कई टुकड़ों में बंट गई थी और कान पूरी तरह से अलग हो गया था। हालांकि इलाज के लिए महिला को तुरंत अस्पताल लाया गया। ऐसे में डॉक्टरों ने पारंपरिक सर्जरी से ही सिर की त्वचा को जोड़ने की कोशिश की, लेकिन खोपड़ी के ऊतक और रक्त वाहिकाओं को हुए गंभीर नुकसान के कारण यह कोशिश नाकाम रही। सिर की त्वचा को ठीक होने में समय लगना था, डॉक्टरों ने कान को रखने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने कान को महिला के पैर पर ग्राफ्ट कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, पैर की धमनियां और नसें कान के लिए उपयुक्त थीं और त्वचा की मोटाई भी सिर जैसी थी। यह प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि कान की नसें बेहद पतली थीं। सिर्फ 0.2 से 0.3 मिलीमीटर, ये ऑपरेशन लगभग 10 घंटे चला। पांच दिन बाद एक बड़ी समस्या आई।

## कनाडा के सस्केचेवान में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

**ओटावा, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।** कनाडा के सस्केचेवान प्रांत में बिग आइलैंड लेक क्री नेशन में मंगलवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। रिपोर्ट के अनुसार, सस्केचेवान पुलिस को सास्काटून शहर से लगभग 392 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में हुई गोलीबारी की सूचना मिली थी। रिपोर्ट में कहा गया कि दो संदिग्धों के खिलाफ खतरनाक व्यक्ति होने की चेतावनी जारी की गई है, जिनके बारे में कहा गया है कि वे हथियारबंद हैं पुलिस ने स्थानीय निवासियों को तत्काल आश्रय लेने, अपने दरवाजे बंद रखने और उस क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि गोलीबारी गलती से हुई या लक्षित थी।

## संयुक्त राष्ट्र ने पेश किया अफगानिस्तान रिस्पांस प्लान

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

संयुक्त राष्ट्र का मानवीय मामलों के समन्वय का कार्यालय (ओसीएचए) ने मंगलवार को अफगानिस्तान के लिए वर्ष 2026 की मानवीय जरूरत और सहायता योजना पेश की है। इस योजना के तहत 1.71 बिलियन डॉलर की सहायता का प्रस्ताव रखा गया है। ओसीएचए के अनुसार, आने वाले साल में भी अफगानिस्तान दुनिया के सबसे बड़े मानवीय संकटों में शामिल रहेगा। ओसीएचए ने बताया कि वर्ष 2026 में करीब 21.9 मिलियन लोगों को मानवीय मदद की जरूरत होगी। यह संख्या वर्ष 2025 के मुकाबले लगभग 4 प्रतिशत कम है। इसके साथ ही 17.4 मिलियन लोगों के गंभीर खाद्य संकट का सामना करने की आशंका है, जिनमें 47 लाख लोग आपात स्थिति वाले स्तर पर होंगे। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कार्यालय के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र से जुड़े मानवीय सहयोगी वर्ष 2026 में 17.5 मिलियन लोगों को प्राथमिकता के आधार पर मदद पहुंचाएंगे। यह कुल जरूरतमंद लोगों का करीब 80 प्रतिशत है। इस समन्वित अभियान पर लगभग 1.71 बिलियन डॉलर खर्च किए जाएंगे। सहायता में भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य



सेवाएं, पोषण, स्वच्छ पानी, साफ-सफाई और नकद सहायता शामिल होगी।

ओसीएचए ने कहा कि संघर्ष न होने के बावजूद अफगानिस्तान में हालात बेहद खराब बने हुए हैं। इसके पीछे गहरी संरचनात्मक कमजोरियां, बढ़ती खाद्य असुरक्षा और बार-बार आने वाली आपदाएं जिम्मेदार हैं। इनमें जलवायु परिवर्तन से जुड़ा सूखा, बड़ी संख्या में लोगों की वापसी, बार-बार आने वाले भूकंप और बाढ़, बीमारियों का फैलाव और सुरक्षा से जुड़े गंभीर खतरे शामिल हैं। महिलाओं और लड़कियों के लिए ये जोखिम और भी ज्यादा हैं। इसके अलावा, सीमा पार से बड़े पैमाने पर लोगों की वापसी ने समस्याएं और बढ़ा दी हैं। ओसीएचए के अनुसार, अकेले वर्ष 2025 में ईरान और पाकिस्तान से 26 लाख से ज्यादा अफगान नागरिक अपने देश लौटे।

## संयुक्त अरब अमीरात ने अपनी शेष सैन्य टुकड़ियों को वापस बुलाया, भयानक होता खून खराबा

» **अबु धाबी, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक बड़े घटनाक्रम के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने यमन में तैनात अपनी शेष सैन्य टुकड़ियों को वापस बुलाने का आधिकारिक निर्णय लिया है। यह कदम सऊदी अरब और यूएई के बीच यमन में सैन्य अभियानों के उद्देश्यों को लेकर बढ़ते मतभेदों और हालिया तनाव के बाद उठाया गया है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला हालिया घटनाक्रमों और आतंकवाद-रोधी अभियानों की प्रभावशीलता पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए स्वेच्छा से लिया गया है। यह निर्णय न केवल यमन के गृहयुद्ध की दिशा बदल सकता है, बल्कि खाड़ी के दो सबसे शक्तिशाली सहयोगियों के बीच दरकते रिश्तों को भी सार्वजनिक रूप से उजागर करता है।

दोनों तेल-समृद्ध पड़ोसी देशों के बीच विवाद की जड़ें तब और गहरी हो गईं जब सऊदी अरब ने अबू धाबी पर यमन के दक्षिण में सक्रिय एक अलगाववादी गुट, सदर्न ट्रांजिशनल



काउंसिल (एसटीसी), को समर्थन देने का आरोप लगाया।

सऊदी अरब का मानना है कि इस समर्थन से उसकी अपनी सीमा की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। तनाव उस समय चरम पर पहुंच गया जब सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन के मुकल्ला बंदरगाह पर हवाई हमले किए। सऊदी अरब का दावा था कि ये हमले यूएई के फुजैरा बंदरगाह से आई हथियारों की एक खेप को नष्ट करने के लिए किए गए थे, जो कथित तौर पर एसटीसी को सप्लाई किए जा रहे थे। हालांकि, यूएई ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उस खेप में हथियार नहीं, बल्कि केवल सैन्य वाहन शामिल थे।

## अमेरिका के बाद चीन ने ठोका दावा कहा- भारत पाकिस्तान के बीच शांति ड्रेगन ने कराई

**बीजिंग, यूटर्न/ 31 दिसम्बर।**

वैश्विक भू-राजनीति में बढ़ती उथल-पुथल के बीच चीन ने एक बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सशस्त्र संघर्ष को सुलझाने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। बीजिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हालातों और चीन के विदेश संबंधों पर आधारित एक संगोष्ठी में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन द्वारा सुलझाए गए प्रमुख संवेदनशील मुद्दों में भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव भी शामिल रहा। वांग यी के इस दावे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई चर्चा छेड़ दी है, क्योंकि भारत सदैव तीसरे पक्ष



के हस्तक्षेप का विरोध करता रहा है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वांग यी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद यह साल स्थानीय युद्धों और सीमा पार संघर्षों के लिहाज से सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि चीन ने स्थायी शांति स्थापित करने के लिए एक वस्तुनिष्ठ और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाया, जिसका उद्देश्य समस्याओं के लक्षणों और उनके मूल कारणों, दोनों का समाधान करना था। चीनी विदेश मंत्री ने सूची गिनाते हुए कहा कि उनके देश ने न केवल भारत-पाकिस्तान तनाव, बल्कि उत्तरी म्यांमार, ईरान के परमाणु मुद्दे, फलस्तीन-इजराइल और कंबोडिया-थाईलैंड के बीच संघर्षों में भी मध्यस्थता की है। चीन के अनुसार, उसके इस कूटनीतिक दृष्टिकोण का उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करना है।

हालांकि, चीन का यह दावा भारत के आधिकारिक रुख से मेल नहीं खाता है। भारत स्पष्ट रूप से कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ उसके सभी विवाद द्विपक्षीय हैं और इसमें किसी भी तीसरे देश के हस्तक्षेप के लिए कोई स्थान नहीं है। इस वर्ष 7 से 10 मई के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के संदर्भ में भारत का कहना है कि इसका समाधान दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हुई सीधी बातचीत के माध्यम से हुआ था। ज्ञात हो कि भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी ठिकानों के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *